न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 169/2024

प्रार्थी अप्रार्थी

धुवराज बनाम ग्राम पंचायत बोरानाडा वगैरा

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/12/24	प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ग्राम बासनी सिलावटा पटवार हल्का बोरानाडा के खसरा नम्बर 119/57, 57, 57/1, 58, 59 जो प्रार्थी के नाम से दर्ज है जिसमे दोनो खसरो के मध्य कटाण रास्ते की तरमीम अशुद्व हो गई इसलिए प्रार्थी द्वारा गलत तरमीम हुई उसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया गया प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को समन जारी होकर तहसीलदार झँवर से मौका जॉच रिपोर्ट वास्ते तहरीर जारी की गई। तहसीलदार झँवर के पत्र कमाक/भूअ/2024/524 दिनाक 06.12.2024 के रिपोर्ट मे ग्राम बासनी सिलावटा पटवार हल्का बोरानाडा के खसरा नम्बर 119/57, 57, 57/1, 58, 59 एवं कटाणी रास्ता खसरा नम्बर 65 गैर मुमकीन रास्ता की राजस्व रेकार्ड नक्शा एवं मौका कब्जा अनुसार रास्ते की भूमि की तरमीम दुरूस्ती किया जाने की अनुशंषा की गई। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 भू.राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने पर स्वीकार किया जाकर तहसीलदार झँवर को आदेश दिया जाता है कि पटवारी हल्का मौका फर्द रिपोर्ट दिनाक 04.12.2024 के अनुसार गलत तरमीम को मौके अनुसार शुद्व किया जावे पटवारी मौका फर्द आदेश का भाग समझा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	